अमर उजाला 19/07/2025

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छावनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की मौलिक एआई अवधारणाओं, अनुप्रयोग और भविष्य की संभावनाओं के बारे में समझ को बढ़ाना रहा। जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. प्रबलीन कौर, डॉ. गीता कौशिक और डॉ. भारती सुजान ने पीजी कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की और अपनी विशेषज्ञता साझा की।